बिहार लोक सेवा आयोग
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001
विज्ञापन संख्या–04/2018 (सहायक निदेशक (अनुवाद)–सह–सहायक विधान काउन्सेल)

विज्ञापन संख्या 04/2018, विधि विभाग, बिहार के अधीन विधायी कार्य सेवा के अन्तर्गत सहायक निदेशक (अनुवाद)–सह–सहायक विधान काउन्सेल (Assistant Director (Translation)-cum-Assistant Legislative Counsel) के 04 (चार) रिक्त स्थायी पदों (गैर आरक्षित–2, अनुसूचित जाति–1 एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग–1) पर सीधी भर्ती द्वारा नियुक्ति हेतु दिनांक–15.07.2018 को विज्ञापन प्रकाशित किया गया था, जिसके आलोक में प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों के आधार पर केवल 03 (तीन) उम्मीदवार को अर्हित पाया गया है। तदोपरान्त विभागीय पत्र–5097, दिनांक–10.09.2021 के आलोक में 03 अर्हित आवेदनों को सुरक्षित रखते हुए दिनांक–15.07.2018 को प्रकाशित विज्ञापन में निम्नांकित संशोधन के साथ पुनः विज्ञापन किया जाता है:–

1. **उम्र सीमा**– दिनांक–01.08.2021 को न्यूनतम 25 वर्ष एवं दिनांक–01.08.2017 को अधिकतम अनारक्षित (पुरूष)–37 वर्ष, पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, पिछड़े वर्ग (पुरुष एवं महिला) एवं अनारक्षित महिला– 40 वर्ष एवं अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (पुरूष एवं महिला)– 42 वर्ष।
2. **अपेक्षित योग्यता एवं अनुभव** :– स्नातक स्तर पर हिन्दी–अंग्रेजी विषय के साथ विधि स्नातक या पाँच वर्षीय पाठ्यक्रम का विधि स्नातक और तीन वर्ष का हिन्दी से अंग्रेजी या अंग्रेजी से हिन्दी अनुवाद का अनुभव।

नोटः– अनुवाद कार्य का अनुभव प्रमाण–पत्र देने हेतु भारत सरकार या बिहार सरकार या उनके अधीन लोक उपक्रम के सचिव/प्रधान सचिव/विभागाध्यक्ष सक्षम प्राधिकार होंगे।

नोटः– अपेक्षित योग्यता एवं अनुभव से संबंधित सभी प्रमाण पत्र ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि–24.06.2022 के पूर्व का निर्गत होना चाहिए अन्यथा उम्मीदवार की उम्मीदवारी रदद् कर दी जायेगी।

दिनांक–15.07.2018 को प्रकाशित विज्ञापन संख्या–04/2018 (सहायक निदेशक (अनुवाद)–सह–सहायक विधान काउन्सेल) आयोग के वेबसाईट पर प्रदर्शित है, को इस हद तक संशोधित किया जाता है एवं उक्त विज्ञापन संख्या–04/2018 (सहायक निदेशक (अनुवाद)–सह– सहायक विधान काउन्सेल) की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

3. **वैसे अभ्यर्थी (रजिस्ट्रेशन नम्बर– 201804000007, 201804000018 एवं 201804000003) जो पूर्व में दिनांक 15.07.2018 को प्रकाशित विज्ञापन के अपेक्षित योग्यता एवं अनुभव के अन्तर्गत अर्हित पाये गये हैं, उन्हें दुबारा ऑनलाईन आवेदन भरने की आवश्यता नहीं है। शेष सभी इच्छूक आवेदक नये सिरे से संशोधित विज्ञापन के आलोक में ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश बिहार लोक सेवा आयोग, पटना के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर प्रदर्शित है।**
4. **ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से संबंधित तिथि एवं अन्य निर्देश निम्नांकित हैं:–**

1.	ऑनलाईन आवेदन प्रारम्भ करने की तिथि	दिनांक–03.06.2022
2.	ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि	दिनांक–24.06.2022
3.	आयोग कार्यालय में स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक से आवेदन की हार्ड कॉपी एवं सभी प्रमाण–पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि	01.07.2022 के अपराह्न 05:00 बजे तक

5. **उपर्युक्त विज्ञापन के संबंध में विस्तृत सूचना/विवरणी/जानकारी एवं ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु निर्देश आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर प्रदर्शित है।**
6. **अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ करने के पूर्व वेबसाईट पर प्रदर्शित विस्तृत विज्ञापन एवं ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु आवश्यक एवं विस्तृत निर्देश का भली–भाँति अध्ययन कर लेंगे।**

2.6.22

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना।